AM LiVE
सदैव आपके साथ
आनंदी मेल

इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने की पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा

संवाददाता

लखनऊ। इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने आज भारत सरकार मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के साथ मिलकर पोषण उपलब्ध कराने की सेवाओं को मजबूती देने के लिए पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म (पीआईपी) की शुरुआत करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य अंतिम छोर पर मौजूद माताओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार करना है। प्लेटफॉर्म शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप, यूनिवर्सटी इंक्यूबेटर, सिविल सोसाइटी नेटवर्क और देश के कारोबारों को अपने शानदार इनोवेशन को अवधारणा के प्रमाण के साथ लोगों के सामने लाने के लिए मंच उपलब्ध कराएगा। यह प्लेटफ र्म मार्गदर्शन, सीड फ डिंग और निवेश के अवसर उपलब्ध कराएगा, ताकि इन इनोवेशन को सफ लतापूर्वक विस्तार दिया जा सके। इस कार्यक्रम में डॉ. सपना पोटी,

डायरेक्टर, रणनीतिक गठजोड़, भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय, ने कहा, पोषण इनोवेशन प्लेटफ र्म एक अनोखा प्रयास है जो पार्टनर्स और सहयोगियों के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अलग और विस्तारयोग्य दृष्टिकोण के साथ इनोवेशन करने वाले लोगों का मार्गदर्शन और उनकी मदद करते हैं। पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म अपने मंथन प्लेटफ र्म के माध्यम से पीएसए, भारत सरकार के कार्यालय के साथ इस भरोसे के साथ भागीदारी कर रहा है कि पीआईपी देश में मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य के लिए विस्तारयोग्य इनोवेशंस को कार्यान्वित करते हुए अवसरों का सृजन करेगा। पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म को पोषण सेक्शन में मंथन के साथ फीचर किया जाएगा और हमें आशा है कि यह प्लेटफार्म सरकार के मौजूदा प्रयासों को सार्थक तरीके से पूर्णता प्रदान कर देश में महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करेगा।